मध्यमा–1
MADHYAMA–1

दक्षिण भारत हिन्दी प्रचार सभा, मद्रास
दि. 21, फ़रवरी, 2021

समय : 2½ घंटे] **[पूर्णांक : 100**

1. किसी एक पद्यांश का भावार्थ हिन्दी में लिखिए :– **5**

(1) दैव मेरे भाग्य में क्या है बदा,
मैं बचूँगी या मिलूँगी धूल में?
या जलूँगी गिर अंगारे पर किसी,
चू पड़ूँगी या कमल के फूल में?

(2) ये अंधेरा घना छा रहा, तेरा इन्सान घबरा रहा
हो रहा बेखबर, कुछ न आता नज़र,
सुख का सूरज छुपा जा रहा
है तेरी रोशनी में जो दम
तू अमावस को कर दे पूनम।

(3) नहीं डर किसी का आज
नहीं भय किसी का आज
नहीं डर किसी का आज के दिन
हो-हो मन में है विश्वास, पूरा है विश्वास
नहीं डर किसी का आज के दिन
हम होंगे कामयाब एक दिन।

2. किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर लिखिए :– **10**

(1) इस कविता में पुष्प की अभिलाषा क्या है?
(2) 'पुष्प की अभिलाषा' कविता का उद्देश्य क्या है?
(3) बूँद कैसे मोती बन जाती है?
(4) 'ऐ मालिक तेरे बन्दे हैं हम' कविता में 'अंधकार' शब्द किस भाव का प्रतीक है?
(5) 'ऐ मालिक तेरे बन्दे हैं हम' कविता का आशय क्या है?
(6) "होंगे कामयाब, होंगे कामयाब" कविता में युवाओं में एकता का भाव उत्पन्न करने के लिए कवि क्या संदेश देते हैं?
(7) कबीर ने गुरु और गोविंद में किसे श्रेष्ठ कहा है और क्यों कहा है?
(8) रहीम प्रेम की तुलना किससे करते हैं?

3. किसी एक कविता का सारांश लिखिए :– **14**

(1) पुष्प की अभिलाषा (2) एक बूँद (3) नीम का पेड़

4. किन्हीं दो पद्यों का कंठस्थ रूप ज्यों का त्यों लिखिए :– **5**

(1) कस्तूरी कुंडल ....
.... देखै नाहिं।।

(2) न्हाये धोये ....
.... बास न जाय।।

(3) गरु गोविंद ....
.... दियो बताय।।

5. किन्हीं पाँच का अर्थ हिन्दी में लिखिए :– **5**

(1) शरीर	(2) ज़रूर	(3) प्यार	(4) उपहार	(5) बातचीत
(6) परिवर्तन	(7) आज़ादी	(8) दुम	(9) शिखर	(10) शिक्षक

6. किन्हीं पाँच का विलोम शब्द लिखिए :– **5**

(1) हँसना	(2) छोटा	(3) बाहर	(4) समझ	(5) आरंभ
(6) उपयुक्त	(7) लंबा	(8) कठिन	(9) पूर्ण	(10) प्राप्त

7. जोड़े बनाइए :– **5**

(1) दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा - भारत वाणी।
(2) भारत - हिंदी प्रचार समाचार एवं दक्षिण भारत।
(3) आंध्र शाखा - बहुभाषी देश है।
(4) कर्नाटक शाखा - राष्ट्रीय महत्व की संस्था है।
(5) केंद्र सभा - स्रवंति।

8. किन्हीं पाँच का वाक्यों में प्रयोग कीजिए :– **10**

(1) आनंद (2) विनोद करना (3) मनोभाव (4) संस्था (5) आजीवन
(6) ज़रूरत (7) फसल (8) पर्यावरण (9) साधारण (10) प्रतिदिन

9. गद्यांश के आधार पर प्रश्नों के उत्तर एक या दो वाक्यों में लिखिए :– **6**

रातभर दोनों संदूक की रखवाली करते रहे। रात काटनी थी, इसलिए किस्सा-कहानी भी चलती रही। बातचीत के क्रम में गोनूझा ने कहा, 'भाई, कुछ दिन पूर्व मुझे एक व्यापारी मिला था, उसने भी यही कहा था कि बिना बीज-पानी के पेड़ उगाता हूँ। पेड़ों में भाँति-भाँति के फूल खिलते हैं।

(1) रातभर संदूक की रखवाली कौन करते रहे?
(2) गोनूझा से कौन मिला था?
(3) पेड़ों में कैसे-कैसे फूल खिलते हैं?

10. किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर पाँच-पाँच वाक्यों में लिखिए :– **10**

(1) बालक सहमकर क्यों चुप हो गया?
(2) दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा के बारे में पाँच वाक्य लिखिए।
(3) राजा के दरबार में कौन आया, क्या लेकर आया और उसने क्या चुनौती दी?
(4) राष्ट्रीय झंडे के महत्व को अपने शब्दों में लिखिए।
(5) अध्यापाक ने बच्चों को 'चिड़िया का पाठ' कैसे समझाया?

11. किसी एक पाठ का सारांश लिखिए :– **15**

(1) चालीस करोड़ कुरते कहाँ से..... (2) दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा
(3) बिना जड़ का पेड़ (4) डॉ. अब्दुल कलाम

12. किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर लिखिए :– **10**

(1) वर्ण किसे कहते हैं?
(2) कथित या लिखित भाषा का मूल आधार क्या है?
(3) लिपि किसे कहते हैं?
(4) वर्तमान में संविधान के द्वारा कितनी भाषाओं को "राष्ट्रीय भाषा" का दर्जा दिया गया है?
(5) स्वरों का प्रयोग कैसे होता है?
(6) व्यंजन किसे कहते हैं?
(7) अनुस्वार किसे कहते हैं?
(8) विसर्ग के कुछ उदाहरण दीजिए।

~ ~ ~ ~ ~